## विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1693 तारांकित

**परिशिष्ट–'अ'**

सरल क्र. 582 में दर्शित भुगतान व्हा. क्र./50 दिनांक 18.04.16 से किया गया अग्रिम भुगतान है। अग्रिम होने के कारण टैक्स की कटौती नहीं की गई है। उक्त अग्रिम का समायोजन देयक से समस्त करों की कटौती की जावेगी।

सरल क्र. 581 में दर्शित भुगतान व्हा. क्र./39 दिनांक 13.04.16 से किया गया अग्रिम भुगतान है। अग्रिम होने के कारण टैक्स की कटौती नहीं की गई है। उक्त अग्रिम का समायोजन देयक से समस्त करों की कटौती की जावेगी।

सरल क्र. 587 में उल्लेखित देयक का भुगतान व्हा. क्र. 296 दिनांक 22.07.16 से किया गया है जिसमें से आयकर रू. 862694/– एवं उपकर रू. 431346/– की कटौती की गई है।

सरल क्र. 589 में उल्लेखित देयक भुगतान व्हा. क्र. 298 दिनांक 22.07.16 से किया गया है। उक्त बिल में संबंधित एजेंसी को रू. 7818167/– सर्विस टैक्स की राशि का भुगतान शामिल है। एजेंसी को भुगतान की गई सर्विस टैक्स की राशि पर टैक्स की कटौती नही की गई है।

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

## विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1693 तारांकित

**परिशिष्ट–'ब'**

सरल क्र. 575 में भूटानी इंटरनेंशनल को व्हा. क्र. 119 दिनांक 25.04.16 से किये गये भुगतान में से वेट की राशि त्रुटिवश कटौती हो गई थी। कटौत्रा की गई राशि वाणिज्यकर विभाग को भेजी जा चुकी है। संबंधित फर्म को अवगत करा दिया गया है कि वे वाणिज्यकर विभाग में अभिलेख प्रस्तुत नियमानुसार राशि वापस प्राप्त कर सकते है।

सरल क्र. 576 से 580 तक में भूटानी इंटरनेशनल नई दिल्ली को भुगतान किया गया है। उपरोक्त फर्म म0प्र0 के बाहर (अन्य राज्य) की होने से वेट की कटौती नहीं की गई है।

सरल क्र. 628 में उल्लेखित देयक का भुगतान व्हा. क्र. 414 दिनांक 27.08.16 से किया गया है यह भुगतान शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन को ठेकेदार द्वारा प्रदान की गई थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन रिपोर्ट की फीस का भुगतान होने से इस राशि पर टैक्स की कटौती नहीं की गई है। स.क्र. 629 में उल्लेखित देयक का भुगतान व्हा. क्र. 415 दिनांक 27.08.16 से किया गया है इस भुगतान में रू. 30000/– थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन रिपोर्ट की फीस है एवं रू. 300000/–रोकी गई राशि का भुगतान है। टीपीआई फीस इंजीनियरिंग कॉलेज को देय होने से टैक्स कटौती नहीं की गई है तथा रू. 300000/–पर व्हा. क्र. 337 दिनांक 18.03.16 से जब राशि रोकी गई थी तभी टैक्स की कटौती कर ली गई थी इस कारण स.क्र. 629 के भुगतान में टैक्स काटौती नहीं की गई है।

सरल क्र. 22 में उल्लेखित कार्य नगर निगम के श्री सुमित अस्थाना उपयंत्री द्वारा शासकीय अभियांत्रिकीय महाविद्यालय उज्जैन को आगर रोड़ की फीस जमा करने हेतु दिये गये अग्रिम समायोजन का देयक है। चूँकि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को भुगतान किया गया था इस कारण टैक्स की कटौती नहीं की गई है।

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

## विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1693 तारांकित

**परिशिष्ट–'स'**

सरल क्र. 96 एवं 97 में उल्लेखित फर्म को भुगतान किये गये उपरोक्त रनिंग बिल से टैक्स नहीं काटा गया था उक्त दोनों देयकों का उपकर व वेट टैक्स की कुल राशि रू. 265127/– की कटौती में बानको कंस्ट्रक्शन कंपनी, ग्वालियर को भुगतान किये गये फायनल बिल/व्हाउचर क्र. 196 दिनांक 13.03.15 से कर ली गई है।

सरल क्र106 में उल्लेखित मे. माहेश्वरी ट्रेवल्स को व्हा. क्र. 42 दिनांक 27.08.16 से यात्रा टिकट की राशि का भुगतान एजेंसी को किया गया है। सिंहस्थ 2016 की व्यवस्थाओं हेतु संभागीय/जिला/निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के दल द्वारा इलाहाबाद कुंभ मेला की व्यवस्थाओं के भ्रमण हेतु यात्रा की गई थी। उपरोक्त यात्रा के टिकट्स की राशि का भुगतान एजेंसी को किया गया है। यात्रा टिकट का व्यय होने से टैक्स की कटौती नहीं की गई है इसी प्रकार स.क्र. 439 एवं 440 में उल्लेखित मे. सालासर ट्रेवल्स द्वारा निगम को किराये पर वाहन उपलब्ध कराये गये थे जिसकी किराया राशि का भुगतान व्हा. क्र. 162 दिनांक 06.05.16 एवं व्हा. क्र. 400 दिनांक 27.08.16 से किया गया है। वाहन किराया भुगतान होने से स.क्र. 439 एवं 440 में टैक्स की कटौती की गई है।

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

सहायक यंत्री
Assistant Engineer
नगरीय प्रशासन एवं विकास
Urban Administration and Development
मध्यप्रदेश, भोपाल
M.P. BHOPAL